## COMMONSPIRIT HEALTH
### वित्तीय सहायता का सारांश

CommonSpirit Health का एक सहयोगी, Dignity Health, उन लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करके स्वस्थ समुदाय बनाने के लिए समर्पित है, जिन्हें स्वास्थ्य देखभाल की जरूरत है और जो अबीमाकृत, अल्पबीमित, सरकारी कार्यक्रम के लिए अपात्र, या भुगतान करने में असमर्थ हैं। CommonSpirit Health की वित्तीय सहायता नीति ऐसे अबीमाकृत या अल्पबीमित रोगियों के लिए उपलब्ध वित्तीय सहायता कार्यक्रमों का वर्णन करती है, जो CommonSpirit Health अस्पतालों द्वारा प्रदान की जाने वाली चिकित्सकीय रूप से आवश्यक अस्पताल सेवाओं के लिए भुगतान करने में सहायता हेतु विशिष्ट आय आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। एक अबीमाकृत रोगी वह है जिसका निजी या सरकारी कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य बीमा नहीं है और जिसे अपने अस्पताल के बिलों की किसी और द्वारा प्रतिपूर्ति करने का अधिकार नहीं है। अल्पबीमित रोगी वह है जिसके पास स्वास्थ्य बीमा है, लेकिन जिसके अस्पताल के बड़े बिल उसके बीमा द्वारा पूरी तरह से कवर नहीं हैं।

**मुफ्त देखभाल**

- यदि आप संघीय गरीबी स्तर के 250% तक की पारिवारिक आय के साथ अबीमाकृत या अल्पबीमित हैं, तो आप बिना किसी लागत के अस्पताल सेवाएं प्राप्त करने के पात्र हो सकते हैं।

**रियायती देखभाल**

- यदि आप संघीय गरीबी स्तर के 250-400% के बीच वार्षिक पारिवारिक आय के साथ अबीमाकृत या अल्पबीमित हैं, तो आप अस्पताल सेवाओं के लिए अपने बिलों को सरकारी भुगतानकर्ता द्वारा भुगतान की जाने वाली उचित रूप से अपेक्षित उच्चतम राशि तक कम करने के लिए पात्र हो सकते हैं, जो आमतौर पर वह राशि होती है जिसका Medicare उन्हीं प्रकार की सेवाओं के लिए भुगतान करता है।

- यदि आपकी वार्षिक पारिवारिक आय संघीय गरीबी स्तर के 401-500% के बीच है और आप अबीमाकृत या अल्पबीमित हैं, तो आप अस्पताल सेवाओं के लिए अपने बिलों को सामान्य रूप से बिल की जाने वाली राशि (AGB) तक कम करने के लिए पात्र हो सकते हैं, जो कि संघीय कानून के तहत निर्धारित राशि है जो उस राशि को दर्शाती है जो निजी स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं और Medicare (सह-भुगतान और कटौती सहित) द्वारा अस्पताल को चिकित्सकीय रूप से आवश्यक सेवाओं के लिए भुगतान की गयी होती।

उन लोगों को सहायता की पेशकश की जाती है जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय उपरोक्त श्रेणियों के अंतर्गत आती है और:

- जिनके पास कुल दस ($10.00) डॉलर या अधिक का खाता शेष है;
- जिन्होंने अन्य सभी भुगतान विकल्पों को समाप्त करने के प्रयासों में सहयोग किया है; और
- जिन्होंने पूरा किया हुआ वित्तीय सहायता आवेदनपत्र और आय को सत्यापित करने के लिए सहायक दस्तावेज प्रदान किए हैं।

ध्यान दें: कुछ मामलों में, रोगियों को बिना औपचारिक आवेदन के वित्तीय सहायता दी जा सकती है। विवरण वित्तीय सहायता नीति में उल्लिखित है।

यदि आप हमारी वित्तीय सहायता नीति के तहत वित्तीय सहायता के लिए पात्र हैं, आपको ऊपर वर्णित सामान्य रूप से बिल की गई राशि से अधिक भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होगी। यदि आप अर्हता प्राप्त करते हैं, तो आप ब्याज मुक्त विस्तारित भुगतान योजना का भी अनुरोध कर सकते हैं।

आपातकालीन सेवाओं को प्राप्त करने के लिए आपको कभी भी अग्रिम भुगतान या अन्य भुगतान व्यवस्था करने की आवश्यकता नहीं होगी।

अस्पताल की वित्तीय सहायता नीति और वित्तीय सहायता आवेदन फॉर्म की मुफ्त प्रतियां नीचे सूचीबद्ध किये आपके अस्पताल की वेबसाइट पर ऑनलाइन या अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार के पास स्थित प्रवेश क्षेत्रों में उपलब्ध हैं। ("प्रवेश" या "पंजीकरण" के चिह्नों का अनुगमन करें)। यदि आप अपने अस्पताल के लिए नीचे सूचीबद्ध टेलीफोन नंबर पर रोगी वित्तीय सेवाओं को कॉल करते हैं, तो अनुरोध पर इन दस्तावेजों की मुफ्त प्रतियां आपको मेल भी की जा सकती हैं।

*Traducción disponible:* आप अपने अस्पताल की वेबसाइट पर, अपने अस्पताल के प्रवेश क्षेत्र में, या अपने अस्पताल के टेलीफोन नंबर पर कॉल करके इन दस्तावेजों का स्पेनिश और अन्य भाषा में अनुवाद मुफ्त में प्राप्त कर सकते हैं।

CommonSpirit Health वित्तीय परामर्शदाता सवालों के जवाब देने के लिए, हमारी वित्तीय सहायता नीति के बारे में जानकारी देने के लिए और वित्तीय सहायता आवेदन प्रक्रिया में आपका मार्गदर्शन करने के लिए उपलब्ध हैं। वित्तीय सलाहकार आपको अस्पताल के AGB प्रतिशत और AGB प्रतिशत की गणना कैसे की गई, इसके बारे में भी जानकारी प्रदान कर सकते हैं। हमारे कर्मचारी अस्पताल के प्रवेश क्षेत्र में स्थित है और उनके साथ आपके अस्पताल के लिए नीचे सूचीबद्ध किए टेलीफोन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

इसके अलावा, स्वतंत्र संगठन हैं, जो बिलिंग और भुगतान प्रक्रिया को समझने में आपकी मदद कर सकते हैं और आपको Covered California

तथा Medi-Cal की संभावित पात्रता के संबंध में जानकारी प्रदान करते हैं। कृपया अधिक जानकारी के लिए Health Consumer Alliance, https://healthconsumer.org पर जाएं।

Dignity Health के सभी अस्पताल हमारी सबसे अधिक लोकप्रिय सेवाओं के लिए मूल्य संबंधी जानकारी प्रदान करते हैं। आप मूल्य संबंधी वह जानकारी, https://dignity.msph.recondohealth.net/ पर पा सकते हैं।

अंत में, हम तीसे पक्ष की उगाही एजेंसियों को कुछ बकाया खाते भेज सकते हैं। राज्य और संघीय कानून के तहत कर्ज़ संग्राहक को आपके साथ उचित व्यवहार करना आवश्यक है। साथ ही राज्य और संघीय कानून कर्ज़ संग्राहक को झूठे बयान देने या हिंसा की धमकी देने, अश्लील या अभद्र भाषा का उपयोग करने और आपके नियोक्ता सहित तृतीय पक्ष के साथ अनुचित बातचीत करने से रोकता है। असामान्य परिस्थितियों को छोड़कर, कर्ज संग्राहक आपसे सुबह 8:00 बजे से पहले या रात 9:00 बजे के बाद संपर्क नहीं कर सकते हैं। सामान्यतः, कर्ज संग्राहक आपके वकील या पति/पत्नी के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को आपके ऋण के बारे में जानकारी नहीं दे सकता है। कर्ज संग्राहक आपके स्थान की पुष्टि करने या निर्णय लागू करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति से संपर्क कर सकता है। ऋण वसूली गतिविधियों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, आप संघीय व्यापार आयोग से टेलीफोन द्वारा 1-877-FTC-HELP (382-4357) पर या www.ftc.gov पर ऑनलाइन संपर्क कर सकते हैं।

California अस्पताल किराया बिलिंग कायरक्रम

ध्यान दें:
यदि आपको अपनी भाषा में सहायता चाहिए, तो कृपया नीचे दिए गए फ़ोन नंबर पर कॉल करें या वित्तीय परामशरदाता कायारलय पर जाएँ। कायारलय सुबह 8 बजे से शाम 4:30 बजे तक खुला रहता है और नीचे दिखाए गए अस्पताल के पते पर स्थित है। विकलांग लोगों के लिए सहायता और सेवाएं, जैसे ब्रेल लिपि, बड़े प्रिंट, ऑडियो और अन्य सुलभ इलेक्ट्रॉनिक फॉर्मेट में दस्तावेज़ भी उपलब्ध हैं। ये सेवाएं निःशुल्क हैं।

अपने बिल का भुगतान करें
ऐसे निःशुल्क उपभोक्ता वकालत संगठन हैं जो आपको बिलिंग और भुगतान प्रक्रिया को समझने में मदद करेंगे। अधिक जानकारी के लिए आप Health Consumer Alliance को 888-804-3536 पर कॉल कर सकते हैं या healthconsumer.org पर जा सकते हैं।

अस्पताल बिल शिकायत कायरक्रम
अस्पताल बिल शिकायत कायरक्रम एक राज्य कायरक्रम है, जो अस्पताल के निणरयों की समीकषा करता है कि कया आप अपने अस्पताल के बिल का भुगतान करने में सहायता के लिए पात्र हैं। यदि आपको लगता है कि आपको गलत तरीके से वित्तीय सहायता से वंचित कर दिया गया है, तो आप अस्पताल बिल शिकायत कायरक्रम के तहत शिकायत दजर कर सकते हैं। अधिक जानकारी और शिकायत दजर करने के लिए HospitalBillComplaintProgram.hcai.ca.gov पर जाएं।

---


California Hospital Medical Center
1401 South Grand Ave, Los Angeles, CA 90015 | Financial Counseling 213-742-5530 Patient Financial Services 888-488-7667 | www.dignityhealth.org/californiahospital/paymenthelp

Community Hospital of San Bernardino
1805 Medical Center Dr, San Bernardino, CA 92411 | Financial Counseling 909-806-1317 Patient Financial Services 909-806-1281 | www.dignityhealth.org/san-bernardino/paymenthelp

Glendale Memorial Hospital
1420 South Central Ave, Glendale, CA 91204 | Financial Counseling 818-502-2305 Patient Financial Services 888-488-7667 | www.dignityhealth.org/glendalememorial/paymenthelp

Northridge Hospital Medical Center
18300 Roscoe Blvd, Northridge, CA 91328 | Financial Counseling 818-885-5368 Patient Financial Services 888-488-7667 | www.dignityhealth.org/northridgehospital/paymenthelp

St. Bernardine Medical Center
2101 N. Waterman Ave, San Bernardino, CA 92404 Financial Counseling 909-883-8711 ext 4408 Patient Financial Services 909-881-4418 | www.dignityhealth.org/stbernardinemedical/paymenthelp

St. Mary Medical Center
1050 Linden Ave, Long Beach, CA 90813 | Financial Counseling 562-491-9078 Patient Financial Services 888-488-7667 | www.dignityhealth.org/stmarymedical/paymenthelp


संशोधित: 1 जुलाई, 2022